भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †3637

दिनांक 13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कासरगोड में स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना का अभाव

†3637. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कासरगोड जिले में स्वास्थ्य परिचर्या अवसंरचना की गंभीर कमी है जिसके कारण रोगियों को पड़ोसी राज्यों में उपचार कराने के लिए बाध्य होना पड़ता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि गंभीर रूप से बीमार रोगियों को स्थानीय स्तर पर विशिष्ट और सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं की कमी के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उत्तरी केरल में एम्स की स्थापना अथवा केन्द्रीय स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के किसी प्रस्ताव की जांच की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) कासरगोड में क्षेत्रीय स्वास्थ्य परिचर्या असंतुलन को दूर करने और गुणवत्तापूर्ण उपचार तक पहुंच में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, केरल सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करती है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य परिचर्या को सुदृढ़ करने हेतु दी गई स्वीकृतियों का विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर निम्नलिखित यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर उपलब्ध है:

https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744

इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर के सभी कार्यरत एएएम में टेलीकंसल्टेशन सेवाएं उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को अपने घरों के करीब विशेषज्ञ सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिलती है, जिससे प्रत्यक्ष पहुंच व सेवा प्रदाताओं की कमी से संबंधित समस्याओं का समाधान करने और देखभाल संबंधी निरंतरता को सुविधाजनक बनाने में सहायता मिलती है।

इसके अतिरिक्त, उन दुर्गम क्षेत्रों वाले दूरदराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एनएचएम के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को सहायता प्रदान की जाती है। एनएचएम-एमआईएस रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 30.09.2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 1453 एमएमयू तैनात किए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभिम) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए जन स्वास्थ्य और अन्य स्वास्थ्य सुधारों में निवेश बढ़ाने की परिकल्पना की गई है। केरल राज्य को पांच वर्षों (अर्थात वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-2026) के लिए 404.63 करोड़ रुपये की राशि हेतु की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका उपयोग जिला स्तर पर 14 आईपीएचएल और जिला अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर 14 सीसीबी के निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2023-24 में कासरगोड जिले को एक (01) एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आईपीएचएल) और एक (01) गहन परिचर्या ब्लॉक (सीसीबी) की मंजूरी प्रदान की गई हैं।

पंद्रहवें वित्त आयोग (एफसी-XV) के तहत केरल राज्य के लिए, वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की पांच वर्षीय अवधि के दौरान 2958.02 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं और 1205 भवन रहित एसएचसी, 116 भवन रहित पीएचसी, 41 भवन रहित सीएचसी, 152 ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयों और 380 शहरी एएएम की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक 2310.96 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई**) का उद्देश्य देश में किफायती विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं को बढ़ाना है। इस योजना के तहत केरल राज्य के चार सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों/संस्थानों (जीएमसीआई) के उन्नयन के लिए मंजूरी प्रदान की गई है। विवरण इस प्रकार हैं:**

राज्य	सं.	जीएमसी/संस्थान का नाम	अनुमोदित बुनियादी ढांचा
केरल	1.	मेडिकल कॉलेज, तिरुवनंतपुरम	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक
	2.	कोझिकोड मेडिकल कॉलेज	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के साथ ट्रॉमा

राज्य	सं.	जीएमसी/संस्थान का नाम	अनुमोदित बुनियादी ढांचा
केरल	1.	मेडिकल कॉलेज, तिरुवनंतपुरम	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक
	2.	कोझिकोड मेडिकल कॉलेज	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के साथ ट्रॉमा
			केयर सेंटर
	3.	टी.डी.मेडिकल कॉलेज, अलाप्पुझा	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक
	4.	एससीटीआईएमएसटी, त्रिवेंद्रम	सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक

*****